दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

SJU Govt. Registered Social Justice Union


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, बुधवार 22 जनवरी 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 115

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सूरत की 10 मंजिला रघुवीर मार्केट में भीषण आग, काबू पाने में जुटी दमकल की 40 गाड़ियां मौजूद

**सूरत (आरएनएस)।** गुजरात के सूरत शहर के एक बाजार में आज सुबह भीषण आग लग गई। आग इतनी भयानक तरीके से लगी है कि उस पर काबू पाने के लिए 40 दमकल गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया है। इमारत से आग की लपटें और धुआं निकलते देख लोगों में दहशत फैल गई। आग शहर की 10 मंजिला रघुवीर मार्केट में लगी है। नगर आयुक्त ने कहा कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। बता दें कि पिछले दिनों दिल्ली में भी आग की कई घटनाओं में जानमाल का बड़ा नुकसान हुआ था। बताया जा रहा है कि सारोली क्षेत्र में स्थित इस इमारत को आग ने अपनी चपेट में ले लिया है।

### कांग्रेस के मुकेश शर्मा, अन्य आज करेंगे नामांकन

» दिल्ली विधानसभा चुनाव

**नईदिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकेश शर्मा और दिल्ली कांग्रेस प्रमुख सुभाष चोपड़ा की बेटी शिवानी चोपड़ा मंगलवार को अपना नामांकन करेंगे। पार्टी नेताओं ने यह जानकारी दी। पूर्व विधायक शर्मा विकास पुरी क्षेत्र में आशीर्वाद यात्रा निकालने के बाद इस सीट के लिए नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं कालकाजी विधानसभा सीट से लड़ रहीं शिवानी भी नामांकन के अंतिम दिन मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगी। इस सीट पर पहले उनके पिता विधायक रह चुके हैं।

### बेरोजगारी का आंकड़ा 2020 में बढ़कर 2.5 अरब होगा : आईएलओ

**जेनेवा।** अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की एक नई रिपोर्ट ने अनुमान जताया है कि इस साल बेरोजगारी का आंकड़ा बढ़कर लगभग 2.5 अरब हो जाएगा। सोमवार को जारी हुई वर्ल्ड इंप्लॉयमेंट एंड सोशल आउटलुक (डब्ल्यूईएसओ) : ट्रेंड्स 2020 रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में लगभग आधा अरब लोग जितने घंटे काम करना चाहते हैं, उससे कम घंटों तक वैतनिक काम कर रहे हैं, या कह सकते हैं उन्हें पर्याप्त रूप से वैतनिक काम नहीं मिल रहा है।

### इस्लामिक स्टेट के नए सरगना की पहचान हुई

**लंदन।** खुफिया सेवाओं ने आतंकवादी संगठन आईएस के नए सरगना की पहचान आमिर मोहम्मद अब्दुल रहमान अल मवली अल-सल्बी के रूप में की है। समाचार पत्र 'द गार्जियन' ने अपनी खबर में यह जानकारी दी। समाचार पत्र ने अपनी एक रिपोर्ट में दो खुफिया सेवाओं के अधिकारियों के हवाले से बताया कि वह आईएस के संस्थापकों में से एक है और इराक में यजीदी अल्पसंख्यों पर अत्याचार की पूरी गतिविधि को उसी की अगुवाई में अंजाम दिया गया था।इसके अलावा दुनिया भर में आतंक की कोई भी घटना उसी की देख रेख में होती थी।

### नाइजीरिया में तेल पाइपलाइन में हुए विस्फोट से गए पांच लोगों की जान

**अबुजा।** नाइजीरिया की आर्थिक राजधानी लागोस में एक तेल पाइपलाइन विस्फोट से मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गयी है। नाइजीरिया के राष्ट्रीय पेट्रोलियम निगम (एनएनपीसी) ने बताया कि रविवार रात हुए इस विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गयी है। इससे पहले नेशनल इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी ने कहा था कि लागोस के अलीमोशो क्षेत्र में हुए विस्फोट के बाद दो शव बरामद किये गये जिससे स्थानीय निवासियों में दहशत है।

## एजीआर भुगतान को लेकर दूरसंचार कंपनियों की अर्जी पर विचार को तैयार सुप्रीम कोर्ट

**नईदिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) मामले में अपने आदेश में कुछ संशोधन को लेकर दूरसंचार कंपनियों की अर्जी पर जल्द सुनवाई को मंगलवार को तैयार हो गया।**

मुख्य न्यायाधीश एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि अगले सप्ताह इस मामले में फैसला देने वाली न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा की पीठ ही अर्जी पर



सुनवाई करेगी। सुनवाई के दौरान टेलीकॉम कंपनियों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और सी ए सुंदरम ने कहा कि कंपनियां फैसले को चुनौती नहीं दे रही हैं, बल्कि वे केंद्र सरकार से भुगतान की तारीख में बदलाव के लिए बात कर रही हैं। न्यायालय ने दूरसंचार कंपनियों को कहा था कि वे केंद्र को 23 जनवरी तक पूरी राशि चुकाये। गौरतलब है कि न्यायमूर्ति मिश्रा की ही पीठ ने 24 अक्टूबर को सरकार के पक्ष में फैसला देते हुए एजीआर के आकलन के लिए दूरसंचार विभाग के फॉर्मूले को बरकरार रखा था। इसके तहत टेलीकॉम कंपनियों पर सरकार के 90 हजार करोड़ रुपये बकाया होने का अनुमान है।

सरकार ने इस राशि का 23 जनवरी तक भुगतान करने को कहा है। दूरसंचार कंपनियों ने इस आदेश के खिलाफ पुनर्विचार याचिकाएं दायर की थी जिन्हें न्यायालय ने पिछले सप्ताह खारिज कर दिया था।

## अवंतीपोरा में सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया

**श्रीनगर (आरएनएस)।** दक्षिणी कश्मीर में अवंतीपोरा में मंगलवार को सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिल गई है। सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। इस मुठभेड़ के दौरान दो जवान घायल हुए हैं। इस साल की यह चौथी मुठभेड़ है। इससे पहले कल हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शोपियां के वाची इलाके में हिजबुल के तीन आतंकियों को मार गिराया था। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह सुरक्षाबलों को सूचना मिली कि अवंतीपोरा में आतंकी छिपे हुए हैं। सुरक्षाबलों ने इलाके को आतंकियों ने खुद को घिरा पाकर सुरक्षाबलों पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। इस दौरान सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया है।

## ब्राजील के राष्ट्रपति बोलसोनारो शुक्रवार को चार दिवसीय दौर पर आएंगे भारत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष अतिथि ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो शुक्रवार को चार दिवसीय दौरे पर भारत आएंगे।



राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद बोलसोनारो की यह पहली भारत यात्रा होगी. बोलसोनारो सात मंत्रियों, शीर्ष अधिकारियों और एक बड़े व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ यहां पहुंचेंगे. विदेश मंत्रालय ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है।

इसमें बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो 24 से 27 जनवरी तक भारत दौरे पर रहेंगे. वह 26 जनवरी को होने वाली भारत की 71वीं गणतंत्र दिवस परेड के विशिष्ट अतिथि होंगे।

## भाजपा ने चुनाव से पहले ही मानी हार : भारद्वाज

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सुनील यादव को उतारा है, जिसके बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि भगवा पार्टी ने चुनाव से पहले ही हार मान ली है। आप प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को ट्वीट किया, इस सूची को देखते हुए और मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ ये उम्मीदवार, लगता है कि भाजपा ने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ आप सभी 70 सीटों पर जीत दर्ज करेगी।




दिल्ली में आठ फरवरी को चुनाव होंगे और मतगणना 11 फरवरी को होगी। भाजपा ने सोमवार देर रात अपने उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी और सुनील यादव को नई दिल्ली विधानसभा से उम्मीदवार बनाया है।

युवा चेहरा यादव भाजपा के युवा मोर्चा भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष हैं।

भाजपा ने यादव की युवा अपील पर भरोसा करते हुए उन्हें विधानसभा चुनाव के सबसे मजबूत प्रत्याशियों में से एक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ उतारा है।

## जद-यू के स्टार प्रचारकों की सूची से प्रशांत किशोर, पवन वर्मा आउट

» दिल्ली विधानसभा चुनाव

**नईदिल्ली(आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है, जिसमें पार्टी अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत पार्टी के सभी प्रमुख नेताओं को शामिल किया गया है। लेकिन इस सूची से जद-यू नेता प्रशांत किशोर और पवन वर्मा गायब हैं। पार्टी द्वारा जारी की गई सूची में पार्टी के 20 नेताओं का नाम शामिल किया गया है लेकिन पार्टी उपाध्यक्ष और नीतीश कुमार के करीबी माने जाने वाले चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर का नाम सूची से गायब है।

## रिसॉर्ट के कमरे में गैस लीक से 8 भारतीय पर्यटकों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल यात्रा पर गए आठ भारतीय पर्यटकों की मंगलवार को रिसॉर्ट के एक कमरे में दम घुटने से मौत हो गई। नेपाल के मकावनपुर जिले के पुलिस अधीक्षक सुशील सिंह राठौर ने आठ भारतीय पर्यटकों की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि ये पर्यटक होटल के कमरे में बेहोशी की हालत पाये गये जिसके बाद इन्हें काठमांडू के धुमबाराही के एचएएमएस अस्पताल में लाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। भारतीय पर्यटक नेपाल के मकावनपुर जिले के थाहा नगरपालिका में एवरेस्ट पनोरमा रिसॉर्ट में रुके थे।

पुलिस के अनुसार मृतकों में आठ भारतीयों में दो दंपति और




चार बच्चे शामिल हैं। ये लोग केरल से नेपाल गये 15 भारतीय पर्यटकों के समूह का हिस्सा थे और यात्रा पूरी करने के बाद भारत लौट रहे थे। रास्ते में ये पर्यटक कल रात एवरेस्ट पनोरमा रिसॉर्ट में रुके थे। रिसॉर्ट के प्रबंधक शिवा केसी के अनुसार कल रात करीब साढ़े नौ बजे ये पर्यटक कमरे में गये थे और उन्होंने कमरे को गर्म रखने के लिए गैस हीटर ऑन किया था। उन्होंने बताया कि पर्यटकों के समूह ने चार कमरे बुक कराए थे। इनमें से आठ एक कमरे में रुके थे जबकि अन्य दूसरे कमरे में ठहरे थे। आठ पर्यटक एक साथ जिस कमरे में रूके थे, उसकी सभी खिड़कियां और दरवाजे अंदर से बंद कर लिए गए थे। प्रबंधक ने बताया कि आज सुबह समूह के अन्य सदस्यों ने इन आठ पर्यटकों को कमरे में अचेतावस्था में पाया जिसके बाद पुलिस को इस संबंध में सूचित किया गया। सिमभानजयांग स्थित पुलिस चौकी के हेड कांस्टेबल सुमन धकाल ने बताया कि बेहोश पर्यटकों दो बार में कैलाश हेलिकॉप्टर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के हेलिकॉप्टर एचएएमस अस्पताल में पहुंचाया गया था।

## कांग्रेस ने ओखला से परवेज हाशमी को मैदान में उतारा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन के आखिरी दिन अपने पांच प्रत्याशियों की सूची जारी की है। इनमें पार्टी के वरिष्ठ नेता परवेज हाशमी को ओखला से टिकट दिया गया है, जो एक मुस्लिम-बहुल सीट है, जिसके तहत शाहीन बाग इलाका आता है, जो दिल्ली में सीएए विरोधी प्रदर्शन का केंद्र बना हुआ है। हाशमी इस निर्वाचन क्षेत्र से चार बार विधायक रह चुके हैं और बाटला हाउस एनकाउंटर के बाद उन्होंने इस सीट पर जीत भी हासिल की थी। वह राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं। मंगलवार को जारी पार्टी की तीसरी और आखिरी सूची के मुताबिक, कांग्रेस ने विकासपुरी से मुकेश शर्मा, बिजवासन से परवीन राणा, बदरपुर से मोहिंदर चौधरी और मादीपुर से जयप्रकाश पंवार को टिकट दिया है। कांग्रेस ने 66 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है और राष्ट्रीय राजधानी में अपने सहयोगी दल राजद को चार सीटें दी हैं। इससे पहले सोमवार रात कांग्रेस ने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ रोमेश सभरवाल की उम्मीदवारी की घोषणा की।

## झारखंड में ना के बाद जदयू-लोजपा के लिए दिल्ली में हां

» सहयोगियों को साधने में जुटी भाजपा

» दिल्ली चुनाव बाद सहयोगी को राजग संयोजक का पद देने पर मंथन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** विधानसभा चुनाव में उम्मीदों केअनुरूप प्रदर्शन करने में विफल रही भाजपा ने अब सहयोगियों का सुध ले कर राजग की सेहत सुधारने की तैयारी में है। झारखंड में जदयू-लोजपा को सीटें देने से मना करने के बाद दिल्ली में भाजपा का इन दो दलों के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन इसी आशय का संकेत है। इसी कड़ी में पार्टी दिल्ली विधानसभा चुनाव बाद सहयोगी को राजग का संयोजक बनाएगी।



हालांकि जदयू-लोजपा से समझौते को इसी साल होने जा रहे विधानसभा चुनाव से भी जोड़ कर देखा जा रहा है। दरअसल झारखंड विधानसभा चुनाव में सीटों पर सहमति नहीं बनने के कारण आजसू ने भाजपा से नाता तोड़ा तो पार्टी ने जदयू और लोजपा को तवज्जो नहीं दी। चुनाव परिणाम प्रतिकूल आने के बाद चर्चा थी कि अगर भाजपा सहयोगियों को महत्व देती तो सकारात्मक परिणाम आ सकते थे। इससे पहले हरियाणा में मनमाफिक नतीजे नहीं आने और महाराष्ट्र में सत्ता गंवाने के बाद सहयोगी दलों ने भाजपा पर हमला बोला था। लोजपा के चिराग पासवान ने राजग में समन्वय नहीं होने का आरोप लगाते हुए तत्काल संयोजक नियुक्त करने की मांग की थी।

**सहयोगियों की चिंता क्यों?**

दरअसल लोकसभा चुनाव के बाद राजग से शिवसेना और आजसू ने दूरी बनाई है। जबकि नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ असम गण परिषद के बाद शिरोमणि अकाली दल ने सीधा मोर्चा खोला है। मुस्लिम वोट छिटकने के डर से लोजपा और जदयू भी असहज हैं।

## दिल्ली आने वालीं 25 ट्रेनों की रफ्तार पर कोहरे ने लगाई ब्रेक, 1 से 6 घंटे तक लेट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली आने वालीं 25 ट्रेनें कोहरे और ठंड की वजह से देर से चल रही हैं। ये ट्रेनें 1 से लेकर 6 घंटे तक लेट से बताई गई हैं। सबसे ज्यादा लेट चेन्नई-निजामुद्दीन दूरंतो एक्सप्रेस है जो 6 घंटे की देरी से दिल्ली आ रही है, जबकि राजेन्द्र नगर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस 1 घंटे की देरी से दिल्ली पहुंच रही है।



अन्य ट्रेनों में वाराणसी-नई दिल्ली काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 4 घंटे, कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस 3 घंटे 30 मिनट, कटिहार-दिल्ली चंपारण हमसफर एक्सप्रेस 1 घंटे 30 मिनट, दरभंगा-नई दिल्ली बिहार संपर्क क्रान्ति एक्सप्रेस 3 घंटे 30 मिनट, पुरी-नई दिल्ली पुरुषोतम एक्सप्रेस 4 घंटे 30 मिनट, डिब्रूगढ़-दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल 4 घंटे, हावड़ा-नई दिल्ली दूरंतो एक्सप्रेस 3 घंटे 30 मिनट, बरौनी-नई दिल्ली वैशाली एक्सप्रेस 2 घंटे 30 मिनट, इलाहाबाद-नई दिल्ली प्रयागराज एक्सप्रेस 3 घंटे 30 मिनट, रीवा-आनन्द विहार रीवा एक्सप्रेस 4 घंटे, भागलपुर-आनन्द विहार विक्रमशीला एक्सप्रेस 3 घंटे और भुवनेश्वर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस 1 घंटे 45 मिनट की देरी से दिल्ली पहुंच रही हैं।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की अंतिम सूची जारी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस ने दिल्ली विधान सभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपने उम्मीदवारों की तीसरी और अंतिम सूची जारी कर दी। वरिष्ठ नेता परवेज हाशमी को ओखला से टिकट दिया गया है। कांग्रेस चुनाव समिति के प्रमुख मुकुल वासनिक ने यह सूची जारी करते हुए बताया कि सूची में पांच उम्मीदवार शामिल है। पार्टी ने जय प्रकाश पंवार को मादीपुर सुरक्षित सीट से उम्मीदवार बनाया है। मुकेश शर्मा को विकासपुरी, प्रवीण राणा को बिजवासन तथा मोहिंदर चौधरी को महरौली से टिकट दिया गया है।

पार्टी ने कल देर रात दूसरी सूची जारी की थी जिसमे रमेश सब्बरवाल को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ



नयी दिल्ली से, करावलनगर से अरबिंद सिंह, घोंडा से भीष्म शर्मा, तिलकनगर से रमिंदर सिंह बमराह, राजेंद्रनगर से राकी तुसीद, बदरपुर से प्रमोद यादव और कोंडली से अमरीष गौतम को उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस ने चार सीटें राजद को दी हैं।

इससे पहले दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने सात उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। इसी सूची में नई दिल्ली विधानसभा सीट से उम्मीदवार के नाम का ऐलान किया गया था। कांग्रेस ने नई दिल्ली सीट से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ रोमेश सभरवाल को टिकट दिया है।

बता दें कि दिल्ली में 8 फरवरी को विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे और नतीजे 11 फरवरी को आएंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जनवरी है जबकि नामांकन पत्र की जांच 22 जनवरी को होगी। इसके अलावा नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 24 जनवरी है। दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटें हैं जिसमें से 58 सामान्य श्रेणी की है जबकि 12 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं।

## कोलकाता में 100 करोड़ कीमत की 25 किलो हेरोइन जब्त, 2 लोग गिरफ्तार

**कोलकाता (आरएनएस)। कोलकाता पुलिस ने मंगलवार सुबह शहर में करीब 100 करोड़ रुपए कीमत की 25 किलोग्राम हेरोइन जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है।**

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब्त की गई हेरोइन की कीमत 100 करोड़ रुपए या इससे अधिक भी हो सकती है.

उन्होंने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर आतंकवाद रोधी दस्ते ने मंगलवार



तड़के पाईकपाड़ा इलाके में छापा मारा और उत्तर प्रदेश के एक मादक तस्कर को उसके मणिपुरी साथी के साथ गिरफ्तार किया. अधिकारी ने कहा, करीब 25.555 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई है. दोनों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है.

अधिकारी ने दावा किया, ना केवल कोलकाता में बल्कि बंगाल और पूर्वोत्तर में भी अभी तक इतनी बड़ी मात्रा में हेरोइन जब्त नहीं की गई है। इससे पहले पंजाब के अमृतसर में पुलिस एन एक तस्कर को गिरफ्तार किया था. उसके पास से पुलिस को करीब 5 किलो हेरोइन, 2 पिस्टल, 10 कारतूस, और कई सामान बरामद किये थे. बताया जा रहा था कि इन सामानों की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 25 करोड़ है।